BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication .... Hari Bhoomi ....

Date .08/05/2025........ Page ....11........ Column .02........

Subject ....बीएमयू मे किया मॉक ड्रिल का आयोजन.......

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय से बाहर निकलते हुए विवि स्टाफ।

बीएमयू में किया मॉक ड्रिल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जो कि विश्वविद्यालय में सुरक्षा अभ्यास, ऑपरेशन अभ्यास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों, विशेषकर हवाई हमलों जैसी आपदाओं से निपटने के लिए विश्वविद्यालय के छात्रों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों की तैयारियों की यथार्थपरक जांच करना था। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचएल वर्मा ने बताया कि ऐसे मॉक ड्रिल न केवल हमारी संस्थागत तत्परता को जांचने का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करते हैं कि किसी भी संकट की घड़ी में हम बिना घबराए, समन्वित एवं संगठित ढंग से प्रतिक्रिया देने में सक्षम रहें। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय का उद्देश्य न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता है बल्कि एक सुरक्षित और सशक्त वातावरण का निर्माण भी है। छात्रों और स्टाफ की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि हम किसी भी आपदा से निपटने में पूरी तरह सजग और सक्षम हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ विनोद कुमार, डीन अकादमी अफेयर डॉक्टर नवीन कुमार सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।